हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
4 अप्रैल 2026, बरेली

PAGE NO, 05, BOTTOM

एसआरएमएस ने बजाज को 10 रनों से हराया

क्रिकेट

क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन छह का शुभारंभ करते मेयर डॉ. उमेश गौतम, साथ में ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति व सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठें सीजन का शुक्रवार को शानदार आगाज हुआ। मुख्य अतिथि मेयर डॉ.उमेश गौतम ने ट्रॉफी का अनावरण किया। उन्होंने एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति की गेंद पर शॉट खेलकर विधिवत शुभारंभ किया।

मेयर ने खिलाड़ियों को खेलों से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने 20-20 ओवर के स्थान पर इस टूर्नामेंट में अगले वर्ष से सभी मैच टी-25 फार्मेट में खेले जाने की बात कही। ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने टूर्नामेंट के आयोजन में सहयोग के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना का आभार जताया। बताया कि पिछले वर्ष से इस बार अधिक के नकद पुरस्कार खिलाड़ियों को दिए जाएंगे।

विश्वेंद्र चुने गए मैन ऑफ द मैच

टूर्नामेंट का पहला मैच ग्रुप बी की एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और बजाज टेक्सटाइल अमरोहा के बीच खेला गया। एसआरएमएस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 162 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बजाज की टीम 18.4 ओवरों में 152 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मैन ऑफ द मैच एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के विश्वेंद्र को चुना गया।